# रेड ब्लू गाइडलाइन

## बैंकिंग आउटलेट की नई पहचान

Red Blue Revolution
SMART BANKING POINT

आज़ादी का अमृत महोत्सव



**रूरल भारत में आर्थिक आज़ादी लाने के उद्देश्य से की गयी स्पाइस मनी की एक पहल**

**#RedBlueRevolution**


# रेड ब्लू रिवोल्यूशन

## क्या है रेड ब्लू रिवोल्यूशन?




**रेड ब्लू रिवोल्यूशन** सभी **बैंकिंग आउटलेट** को नई पहचान दिलाने के लिए की गई एक पहल है, जिसमें इस केटेगरी की दुकान को **स्मार्ट बैंकिंग प्वाइंट** का नाम दिया गया है और उन्हें लाल और नीले रंग से पेंट करने का प्रस्ताव है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि लोग **बैंकिंग आउटलेट** को आसानी से पहचान सकें।

90 के दशक में पीसीओ (पब्लिक कॉल ऑफिस) ने इसी रणनीति को अपनाया था, जब उन्होंने पीले रंग को अपनी पहचान बनाया जिससे वे स्पष्ट रूप से दिखाई दें। हम पूरे भारत में **बैंकिंग आउटलेट** के साथ ऐसा ही करने का इरादा रखते हैं और इसीलिए इसे **रिवोल्यूशन** कहा जा रहा है।




हमारे देश में रिवोल्यूशन्स मुख्यतः एग्रीकल्चर से जुड़े रहे हैं, जो हमारी उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक साबित हुए हैं और जिससे भारत को बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद मिली है। **रेड ब्लू रिवोल्यूशन** भी इसी तरह **बैंकिंग आउटलेट** के बीच एक सामाजिक पहचान की रूपरेखा बनाएगा, जिससे उन्हें अपना व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## इससे किस समस्या का समाधान होगा?

भारत में ज़्यादातर ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों में छोटी-छोटी दुकानें होती हैं और उनकी दुकानों के सामने इतनी जगह नहीं होती, जिसपर साइनेज बोर्ड लगाया जा सके। ऐसे में ग्राहकों के लिए **बैंकिंग आउटलेट्स** को पहचानने में मुश्किल होती है। कई दुकानें अन्य उत्पाद और सेवाएं भी मुहैया कराती हैं, जिससे बैंकिंग, फ़ाइनेंशियल या डिजिटल प्रोडक्ट्स की उपलब्धता स्पष्ट नहीं हो पाती।

दुकान के बाहरी हिस्से पर **स्मार्ट बैंकिंग प्वाइंट** साइन और रेड ब्लू पेंट हो जाने के बाद यह इन सेवाओं की तलाश करने वाले ग्राहकों को स्पष्ट रूप से नज़र आएगा। आगे चलकर यह दुकान की पहचान स्थापित करने में मदद करेगा, जिससे **बैंकिंग आउटलेट** को फुटफॉल बढ़ाने और तरक्की करने में मदद मिल सकेगी।


## इसमें कौन भाग ले सकता है?

भारत में प्रत्येक **बैंकिंग आउटलेट**, जो बैंकिंग और डिजिटल सेवाएं प्रदान करते हैं, चाहे वह किसी भी ब्रांड/कंपनी के साथ काम करते हों, **रेड ब्लू रिवोल्यूशन** में हिस्सा ले सकते हैं। आप अपने स्टोर का नाम **स्मार्ट बैंकिंग प्वाइंट** रख सकते हैं, लाल और नीला झंडा लगा सकते हैं और अपने स्टोर के सामने के हिस्से को लाल और नीले रंग में रंग सकते हैं, जैसा कि गाइडलाइन में आगे बताया गया है।

## इससे मेरे बिज़नेस और मेरे समुदाय को क्या लाभ होगा?

अगर आप एक **बैंकिंग आउटलेट** के मालिक हैं, तो आप पहले ही अपने ग्राहकों और कम्युनिटी की बैंक से संबंधित ज़रूरतें पूरी करके एक अच्छा और बड़ा काम कर रहे हैं। रेड ब्लू रिवोल्यूशन अपनाने से आपको उनके बीच एक स्थानीय बैंकिंग पार्टनर के तौर पर एक स्पष्ट और ख़ास पहचान पाने में मदद होगी।

इससे आपको अपनी दुकान की ओर और ज्यादा लोगों का ध्यान आकर्षित करने में मदद मिलेगी। ज्यादा लोगों का मतलब है ज्यादा बिज़नेस। इससे आपके उन ग्राहकों और आपके समुदाय को आपकी दुकान आसानी से पहचानने में भी मदद होगी।



# रेड ब्लू रिवोल्यूशन

## लाल और नीला रंग ही क्यों?

हर रंग की अपनी अलग खूबी होती है और उससे जुड़े भाव होते हैं। इन बातों पर काफी रिसर्च के बाद हमने आपके लिए इन रंगों को चुना है। लाल रंग **उन्नति और शक्ति** का प्रतीक माना जाता है जबकि नीला **भरोसा और सुरक्षा** का रंग है।

इसके अलावा, लाल और नीले रंग का संयोजन बहुत ही आकर्षक लगता है और आपके स्टोर को भीड़ भरे बाजार या किसी भी स्थान पर दूर से ही देखा जा सकता है । ये तो हम सब जानते हैं कि जो दिखता है वही बिकता है।

**लाल : उन्नति और शक्ति** | **नीला : भरोसा और सुरक्षा**

## मैं शुरूआत कैसे करूं? इसके लिए ज़रूरी चीज़ें क्या हैं? स्टेप्स क्या हैं?

इसके लिए तीन चीज़ें ज़रूरी हैं।

1. **दुकान की पेंटिंग (लाल और नीली)**
2. **साइनेज (स्मार्ट बैंकिंग पॉइंट)**
3. **लाल और नीला झंडा**

सभी डिज़ाइन असेट्स डाउनलोड करने के लिए **redbluerevolution.com** पर जाएँ

### रंगों के कोड्स

R: 225 G: 42 B: 0
C: 5 M: 97 Y: 97 K: 0
Hex: e12a28

R: 41 G: 62 B: 145
C: 99 M: 91 Y: 5 K: 0
Hex: 293e91

### पेंट के कोड्स

**शालीमार**
लिबर्टी ब्लू AP160-2
पैट्रियट ब्लू AP160-1
सश्य रेड AP156-1
कोटिलियन रेड AP156-2

**नेरोलैक**
कोलंबिन ब्लू 2363
कोरलीन रेड 2154
एडवेंचर रेड 2189

**एशियन पेंट्स**
उल्ट्रामारिन ब्लू 5002
कोड रेड X120

**बर्जर पेंट्स**
5A0418 बोल्ट ऑफ़ ब्लू
5A2802 यूनिवर्सल ब्लू
5A0420 एनजाइज्ड ब्लू
1A1994 स्पैनिश किस

## 1. दुकान पेंटिंग

**निर्देश:**

1. कृपया यहां दिए गए कलर कोड को देखें, जिन्हें आप स्थानीय बाजार से खरीद सकते हैं। अगर आपको सटीक कलर न मिल पाए तो इससे मिलता-जुलता कलर लें और तस्वीर में जिस तरह दिखाया गया है उसी तरह अपनी दुकान को पेंट करें।

2. आउटलेट को इस तरह रंगना है कि सामने से देखने पर बाईं ओर आधा भाग लाल रंग का और दाईं ओर का आधा भाग नीले रंग का दिखाई दे। कृपया सुनिश्चित करें कि पूरी दुकान लाल और नीले रंग से आधे-आधे हिस्से में बराबर से रंगी जाए।

3. अगर किसी वजह से आप अपनी दुकान की सिर्फ़ एक ही दीवार पेंट करने की स्थिति में हों तो आप मुख्य नियम का पालन करें: यानी सामने से देखने पर बाईं ओर लाल और दाईं ओर नीला रंग दिखे।

4. अगर जगह हो, तो जैसा इमेज में दिखाया गया है उसी तरह आप अपनी मुख्य सर्विसेज़ के नाम दीवार पर पेंट के माध्यम से लिखें। ये रहीं वे सर्विसेज़ जिसे हमने यहाँ दर्शाया है।

   - ***AePS*** • ***मनी ट्रांसफ़र*** • ***बिल पेमेंट्स और रिचार्ज***
   - ***मिनी एटीएम*** • ***टिकट बुकिंग*** • ***लोन कलेक्शन***

5. अगर आपके पास दीवार की बजाय शटर की उपलब्धता है तो आप उसे भी इसी प्रकार से बाईं ओर आधा भाग लाल रंग का और दाईं ओर का आधा भाग नीले रंग से रंगें।

## 2. साइनेज

**स्मार्ट बैंकिंग प्वाइंट** साइनेज आपकी ओर से प्रिंट किया जा सकता है। इसमें उन सभी प्रमुख सेवाओं का उल्लेख है जो एक **बैंकिंग आउटलेट** करता है। यह महत्वपूर्ण सेवाओं को स्पष्ट रुप से उजागर करने के साथ-साथ स्टोर की एक मजबूत छवि बनाने में बहुत मददगार है। निचले हिस्से में दुकान का आधिकारिक/पंजीकृत नाम हो सकता है।



## 3. लाल और नीला झंडा


अगर दुकान भीड़-भाड़ वाले बाजार में है, जहां साइनेज या फ्रंट पेंट ज्यादा ना दिखाई दे रहा हो, तो लाल और नीले रंग का एक झंडा लोगों को **बैंकिंग आउटलेट** के मौजूद होने का सन्देश पहुँचाने में मदद करेगा।





## इन सारे प्रयासों के बाद दुकान कैसी दिखनी चाहिए?

बायां हिस्सा
लाल




दाहिना हिस्सा
नीला

## समय सीमा क्या है?
## मैं अपनी नई रेड ब्लू दुकान को लोगों को कैसे दिखाऊं?

हम आपसे अनुरोध करते हैं कि 15 अगस्त 2022 तक अपनी दुकान की पेंटिंग को पूरा करने का प्रयास करें ताकि हम भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस को **बैंकिंग आउटलेट** की एक नई पहचान के साथ मना सकें। यदि कुछ कारणों से यह 15 अगस्त तक नहीं हो पाता है, तो आप इसे बाद की तारीख में भी कर सकते हैं, लेकिन हमें ये काम अगस्त में ही पूरा करना चाहिए कि हम त्योहारों का एक नए जीवंत रूप के साथ स्वागत कर सकें।

**#HarDukaanTiranga**

ये तैयारियां एक बार पूरी हो जाने के बाद सोशल मीडिया पर हैशटैग **#RedBlueRevolution** के साथ अपनी दुकान की तस्वीर शेयर करें।

अपनी तस्वीरों को **redblue@spicemoney.com** पर शेयर करके आप पुरस्कार जीतने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## गैलरी





Smart Banking Point
AEPS
ATM
BBPS
IRCTC
AEPS
ATM
BBPS
IRCTC


SMART BANKING POINT


AEPS • ATM • BBPS
AEPS • ATM • BBPS


राजा फोटो फोटो कापी
आधार कार्ड से पैसा निकाले
AEPS • ATM • BBPS
AEPS • ATM •






AePS
Money Transfer
Mini ATM
Bill Payment & Recharge
Ticket Booking


सुशांत कम्युनिकेशन & एजन्सिज
AEPS • ATM • BBPS
सुशांत एजन्सी



SMART BANKING POINT
BINOD GENERAL STORE

# रेड ब्लू रेवोल्यूशन का हिस्सा बनें।

रूरल भारत में आर्थिक आज़ादी लाने के उद्देश्य से की गयी स्पाइस मनी की एक पहल

Red Blue Revolution

SMART
BANKING
POINT



**#RedBlueRevolution**

www.redbluerevolution.com